हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 26 नवंबर, 2025

11 चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी की टीम ने रनर-अप ट्रॉफी पर जमाया कब्जा



12 हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम



## खबर संक्षेप

### डोडा पोस्त तस्करी के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 30 किलो 104 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामदगी मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बुद्धराम पुत्र अर्जुन राम निवासी मुलराज नगर, नॉर्थ ढाणी लोहावात, जिला फालोदी, राजस्थान के रूप में हुई है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 2 फरवरी को पुलिस टीम रूटीन गश्त पर थी। इसी दौरान काईवाई की गई।

### गाड़ी से 120 पेटी अवैध शराब पकड़ी, आरोपी फरार

**फतेहाबाद।** नशे और अवैध शराब तस्करी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस की अपराध जांच शाखा ने बोलेरो कैंपर वाहन में लगभग 120 पेटी अवैध शराब बरामद की है, जिसकी कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। सीआईए फतेहाबाद के प्रभारी उप-निरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम रूटीन गश्त के दौरान बोलेरो कैंपर गाड़ी को जांच के लिए रोका। इसी दौरान वाहन की तलाशी ली गई।

### बुजुर्ग महिला को सुरक्षित घर पहुंचाया

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन द्वारा जरूरतमंद महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षित घर तक पहुंचाने के लिए ईआरवी स्टाफ को दिए गए दिशा-निर्देशों के तहत, ईआरवी-215 की टीम ने एक बुजुर्ग महिला को लावारिस हालात में मिलने पर सुरक्षित घर तक पहुंचाया। ईआरवी-215 के स्टाफ ने 70 वर्षीय महिला, जो भुना थाना क्षेत्र में लावारिस अवस्था में मिली थी, को ध्यानपूर्वक उसके परिजनों के पास पहुंचाया।

### बाइक सवार 7.37 ग्राम हैरोइन सहित काबू

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को 7 ग्राम 37 मिलीग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गांव बीरूवाला गुढा रोड पर मौजूद थी। इस दौरान टीम को बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए जिन्होंने पुलिस को देखकर वहां से भागने का प्रयास किया मगर पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें काबू कर उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 7 ग्राम 37 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### चेक बाउंस मामले का वांछित आरोपी पकड़ा

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चेक बाउंस मामले में वांछित को गांव खेदड़ हिसार से काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत द्वारा आरोपी को 25 अगस्त 2025 को पी.ओ. घोषित किया था।

### डेरा बाबा श्योरामदास में जागरण व भंडारा 1-2 को

**सिरसा।** शहर के डबवाली रोड स्थित डेरा बाबा श्योरामदास जी की ओर से श्री बाबा श्योराम जी की 54वीं बरसी पर वार्षिक भंडारा व जागरण 1 व 2 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। डेरा के मुख्य सेवक बाबा हरपालदास ने बताया कि 1 दिसंबर 2025 की रात्रि को 8.15 बजे जागरण आयोजित किया जाएगा। जिसमें गोहाना से भजन कलाकार समुंदर दास व सिरसा से पंजाबी गायक विक्रम विक्की अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृत वर्षा करेंगे।

---

### रात्रि प्रवास कार्यक्रम : डीसी व एसपी ने दिए समाधान के निर्देश

# खजूरी जाटी में प्रशासन ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- प्रशासन का मकसद-गांव-गांव जाकर जरूरतों का प्रत्यक्ष आकलन

प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास तथा पारदर्शिता को मजबूत करने के उद्देश्य से उपमंडल फतेहाबाद के गांव खजूरी जाटी में आयोजित रात्रि प्रवास कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने ग्रामीणों की समस्याओं को विस्तार से सुना और तत्काल समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान मौके पर ही बंसी लाल का राशन कार्ड बनाते हुए उपायुक्त ने उसकी प्रति लाभार्थी को सौपी। राशन कार्ड बनने पर लाभार्थी बंसी लाल ने जिला प्रशासन और हरियाणा सरकार का धन्यवाद भी किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं को जिला प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष रखा। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य गांव-गांव जाकर आमजन की वास्तविक जरूरतों को समझना और समाधान को सुलभ बनाना है।



**फतेहाबाद।** रात्रि प्रवास के दौरान ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। साथ हैं एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

#### अधिकारियों को दिए निर्देश

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और समाधान की स्थिति से शिकायतकर्ताओं को अवगत कराया जाए। रात्रि प्रवास के दौरान उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों से सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, पेंशन योजनाओं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हैं, इसलिए प्रत्येक परिवार को विभागों से संपर्क कर इन योजनाओं का लाभ अवश्य लेना चाहिए।

#### 50 शिकायतें हुई

इस दौरान लगभग 50 शिकायतें जिला प्रशासन के संज्ञान में आई, जिनमें राशन कार्ड बनवाने, पीपीपी में आय कम करवाने, पेयजल व बिजली आपूर्ति, सड़कों की मुरम्मत, मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता एवं ऋण उपलब्ध करवाने, बस सुविधा शुरू करवाने, अवैध कब्जे हटवाने, कच्चे खाल को पक्का करवाने आदि जैसी मांगें शामिल रही। गांव के सरपंच सीताराम पूनिया ने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों का गांव पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने पंचायत की ओर से कई विकास संबंधी मांगें रखीं। उपायुक्त ने सभी मांगों को सकारात्मक रूप से लेते हुए नियमानुसार जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में एसडीएम राजेश कुमार, जिप सीईओ सुरेश कुमार, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीएफएससी विनीत जैन, डीईओ संगीता बिश्नोई, डीडब्ल्यूओ विनोद चावला, डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली, सरपंच सीताराम पूनिया, मांगे राम, मनदीप योगी, लख्मी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा आसपास गांवों के सरपंच व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

---

# निर्धारित मापदंड पूरे न करने वाले प्ले स्कूलों पर होगी सख्त कार्रवाई

- महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

निर्धारित मापदंड पूरा न करने वाले प्ले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और नोटिस के बाद भी जिन्होंने मापदंड पूरे नहीं किए हैं, उन स्कूलों के खिलाफ सील करने की कार्रवाई की जा सकती है। सभी प्ले स्कूल की जांच निर्धारित मापदंड के अनुसार हो और टीम मौके पर पहुंच कर एक-एक मापदंड की जांच करें ताकि हादसे होने की संभावना ही न रहे। ये निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में पोषण अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, प्राइवेट प्ले स्कूल, आंगनवाड़ी कम प्ले स्कूल, वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह रोकथाम और पॉक्सो एक्ट, जिला बाल संरक्षण ईकाई व बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उप निदेशक डॉ. दर्शना सिंह ने बताया कि जिले में 162 प्राइवेट प्ले स्कूल हैं, और उनकी जांच की गई है, उनमें से 37 स्कूलों में खामियां मिलने पर नोटिस जारी किए गए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जो स्कूल निर्धारित मापदंड पूरे नहीं करते, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई अमल में लाते हुए उसकी रिपोर्ट भी करें।

#### शेष कार्य को भी जल्द पूरा करें : एडीसी

एडीसी ने कहा कि पोषण अभियान के तहत जिले में 40 हजार महिलाएं व बच्चे पंजीकृत हैं और अब इनका डाटा फोटो सहित अपलोड किया जा रहा है और यह कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष कार्य को भी जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय टीमों के सहयोग से पोषण संबंधी जानकारी प्रत्येक घर तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और किशोरियों को विशेष रूप से कुपोषण से बचाव संबंधी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि पोक्सो के बारे में भी जागरूकता की जानी चाहिए। इस कार्य में शिक्षा विभाग भी महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ कार्य करे। बैठक में डीएसपी संजीव कुमार, डीडीपीओ बलजीत सिंह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी पूनम नागपाल, डीसीपीओ डॉ. गुरप्रीत कौर, सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन मदन लाल व सदस्य भावना शर्मा, संरक्षण अधिकारी अंजना डूडी, खंड शिक्षा अधिकारी व जिलाभर से आंगनवाड़ी सुपरवाइजरों ने भाग लिया।

---

## नपा की बैठक स्थगित, प्रधान पीएम के कार्यक्रम में व्यस्त

- कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर होनी थी चर्चा

**रतिया।** रतिया नगर पालिका की मंगलवार को होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई है। चेयरपर्सन प्रीति खन्ना के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में व्यस्त होने के चलते नगरपालिका की आज निर्धारित हाउस बैठक को स्थगित कर दिया गया है। नगर पालिका चेयरपर्सन के कुरुक्षेत्र में प्रधानमंत्री के आगमन कार्यक्रम में व्यस्त होने के चलते बैठक आयोजित नहीं हो सकी। इस बैठक में पिछली बैठकों के एजेंडा की पुष्टि के साथ-साथ वार्डों में समान विकास कार्य, गली-नालियों का रि-लेवलिंग, हाई मास्ट लाइट इंस्टॉलेशन, डॉग शेल्टर निर्माण और कम्युनिटी सेंटर के रेनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा और निर्णय होना था। इसके अलावा पार्षदों द्वारा उठाई गई विभिन्न मांगों पर भी विचार किया जाना था। नई तारीख जल्द घोषित किए जाने की संभावना है। नगर पालिका सचिव द्वारा पार्षदों को जारी किए गए पत्र में मीटिंग के स्थगित होने बारे सूचना भी दी गई है।

---

### ऑपरेशन 'ट्रैकडाउन'

## एक ही दिन में अवैध हथियार बरामद, किडनैपिंग सुलझी

- अब तक 62 कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत पुलिस ने एक ही दिन में संगठित अपराध, स्नैचिंग और किडनैपिंग की वारदात का खुलासा किया तथा हत्या के प्रयास में शामिल आरोपियों को काबू कर सलाखों के पीछे भेज दिया। ऑपरेशन ट्रेकडाउन की शुरुआत 5 नवंबर को की गई थी। तब से जिले की पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखते हुए सफलता हासिल की है। अब तक पुलिस हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, लूट, स्नैचिंग और संगठित अपराध में शामिल 62 कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी अवधि में पुलिस ने कुल 19 अवैध हथियार बरामद किए हैं, जिनमें 15 पिस्तौल, 1 गन, 2 चाकू, 3 तलवारें और 113 जिंदा कारतूस शामिल हैं।

---

## शिवलिंग हटाने के विरोध में धरना जारी

### *गोशाला प्रधान, सचिव पर मनमानी का आरोप*

**सिरसा।** श्री गोशाला परिसर में प्राचीन शिव मंदिर में लगे शिवलिंग को हटाने के विरोध में धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। शिव मंदिर बनाने वाले परिवार के सदस्यों ने शिवपुरी प्रांगण में धरना दिया और शिवपुरी प्रबंधन पर आरोप लगाए। धरने को पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने भी अपना समर्थन दिया। साहुवाला गांव निवासी हरपत राय ने 103 साल पहले श्री गोशाला में शिव मंदिर स्थापित किया था। इसमें शिवलिंग की भी स्थापना की गई थी। हरपत राय के पौत्र भवानी शंकर ने आरोप लगाया कि गोशाला के प्रधान राजेंद्र रातुसरिया ने उनको बुलाकर मंदिर को यहां से हटाने की बात कही। भवानी शंकर ने कहा कि उसे यह कहा गया कि शिवलिंग को उठाकर ले जाओ। उन्हें पुलिस से गिरफ्तार करवाने की धमकी भी दी गई। भवानी शंकर साहुवाला ने बताया कि इस मंदिर के लिए उनके पुरखों ने डेढ़ एकड़ जमीन दी थी। उनके परिवार के सदस्य सुबह शाम यहां धूप-बत्ती व पूजा आरती करते हैं। शिवलिंग पर जलाभिषेक भी यहां किया जाता था। इस मंदिर के प्रति उनमें अगाध आस्था है।



**सिरसा।** गौशाला प्रधान व सचिव के खिलाफ धरने पर बैठे।

---

### पुलिस का नशे पर प्रहार

## कार सवार 9.673 किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार

- गांव चकेरियां में गश्त के दौरान नशे के खिलाफ की कार्रवाई

**कालांवाली।** कालांवाली थाना पुलिस ने गश्त के दौरान गांव चकेरियां से कार सवार नशा तस्कर को 09 किलो 673 ग्राम डोडा चूरापोस्त सहित काबू किया है। कालांवाली थाना प्रभारी पीएसआई सुनील कुमार ने बताया कि एसआई रामस्वरूप पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव चकेरियां से लकड़ावाली रोड़ पर जा रहे थे। इस दौरान गांव लकड़ावाली की ओर से एक सफेद रंग की कार आती दिखाई दी। कार चालक ने पुलिस टीम को देखकर कार को वापस मोडने की कोशिश की। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर कार चालक को कार में ही काबू कर तलाशी ली तो कार की डिग्गी में गट्टा प्लास्टिक में 09 किलो 673 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान कर्ण सिंह उर्फ मणी पुत्र राजू सिंह निवासी चकेरियां जिला सिरसा के रूप में हुई है।

---

## महिला पुलिस ने भट्टूकलां बस अड्डा पर चलाया डिकॉय चैकिंग अभियान

- महिलाओं से छेड़छाड़ और अन्य अपराधों पर अंकुश लगाना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महिला सुरक्षा टीम प्रभारी महिला निरीक्षक मंजू सिंह के नेतृत्व में आज भट्टूकलां बस अड्डा क्षेत्र में डिकॉय चैकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार तथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। अभियान के दौरान टीम की महिला कर्मियों ने सामान्य यात्रियों के रूप में बस अड्डे और आसपास के क्षेत्र में मौजूद रहकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। टीम ने भीड़भाड़ वाले स्थानों, प्रतीक्षालय तथा आसपास की दुकानों पर बारीकी से निरीक्षण किया।



**फतेहाबाद।** भट्टू रेलवे स्टेशन पर महिलाओं से बातचीत करते महिला पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### महिलाओं से आग्रह

टीम ने महिलाओं से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीडन या संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। महिला सुरक्षा टीम ने बताया कि ऐसे डिकॉय ऑपरेशन आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़े और असामाजिक तत्वों में भय बने। फतेहाबाद पुलिस की अपील है कि नागरिक महिला सुरक्षा से संबंधित किसी भी घटना की तत्काल सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष या महिला हेल्पलाइन 1091 व डायल 112 पर दें।

---

### जादूगर शंकर हिंदु रत्न अवार्ड से सम्मानित

**सिरसा।** विश्वविख्यात जादूगर सम्राट शंकर को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम सभागार में आयोजित अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में हिंदु रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि जादूगर सम्राट शंकर ने प्राचीनतम कलाओं में से एक जादू कला के माध्यम से देश विदेश में भारतवर्ष का नाम रोशन किया है और वे न केवल अपनी जादुई प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं बल्कि समाजसेवा के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं, इसलिए उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना गया है।

---

## ट्रिपल राइडिंग और बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

- सड़क किनारे या दुकानों के सामने वाहन खड़ा न करें : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण के निर्देशानुसार यातायात थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उदेश्य से बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, तेज गति से वाहन चलाने वालों तथा प्राइवेट वाहन पर पुलिस व प्रैस के स्टीकर लगाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की। उन्होंने कहा सड़क किनारे या दुकानों के सामने वाहन खड़ा न करें,क्योंकि ऐसा करने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा बाजारों में जाम की स्थित उत्पन हो जाती है, इसलिए प्रशासन द्वारा नियुक्त पार्किंग में ही अपना वाहन खड़ा करें।



**सिरसा।** वाहनों की जांच करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

#### आमजन से अपील

एसपी आमजन से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार की नशीली वस्तु का प्रयोग न करें, क्योंकि ऐसा करने से आप दुर्घटना के शिकार हो सकते हो। यातायात नियमों की पालना करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व बनता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति यातायात नियमों को मन से अपनाएं न कि किसी डर या भय से। यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करेंगे तो दुर्घटना की पुनरावृति होने से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध तथा अपराधियों पर शिकंजा कसना तथा वाहन चालकों को यातायात निमयों बारे जागरुक करना है।

---

### गोल्ड लोन चुकता करने के नाम पर ठगी

## बैंक अधिकारी से हड़पे 8 लाख आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

- आरोपी की पहचान विनोद सिंह उर्फ मोनी के रूप में हुई

**फतेहाबाद।** बैंक से धोखाधड़ी कर राशि हड़पने के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनोद सिंह उर्फ मोनी पुत्र जोगिन्द्र सिंह निवासी बाहमणीवाला, तहसील मूनक, जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे 25 सितम्बर को अमनजोत, गोल्ड लोन अधिकारी, आईडीएफसी बैंक शाखा प्रथम टोहाना ने शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में अमनजोत ने कहा था कि विनोद गिल पुत्र जोगिन्द्र सिंह निवासी फतेहगढ़ नौबाद उर्फ बाहमणीवाला जिला संगरूर ने मई 2025 में उनकी ब्रांच से 3 लाख 39 हजार रुपये का गोल्ड लोन करवाया था। गोल्ड लोन की किश्ते यह समय पर अदा कर रहे थे। 25 अगस्त को विनोद गिल व उसकी पत्नी संजू बैंक में उसके पास आए और कहा कि उनका मिथुड फिनकोप टोहाना में 8 लाख 75 सौ का गोल्ड लोन चल रहा है, जहां उन्हें काफी ब्याज पड़ रहा है, जिससे उनका गोल्ड बिक जाएगा। वह उन्हें यह राशि दे दे ताकि वह वहां से गोल्ड छुड़वाकर उनके बैंक में गोल्ड लोन करवा लेंगे।

---

**अभियान** | नशे के कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई

# ऑपरेशन जीवन ज्योति : रतिया व भट्टू में पुलिस ने डॉग स्क्वॉड के साथ ली तलाशी

पुलिस बल के एक्शन से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत रतिया और भट्टू कलां क्षेत्र में पुलिस ने एक बार फिर नशे के कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। डीएसपी मुख्यालय एवं क्राइम कुलवंत सिंह के नेतृत्व में मंगलवार सुबह रतिया शहर तथा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में, वहीं थाना भट्टू कलां में डॉग स्क्वाड, स्वैट टीम और कमांडो यूनिट के साथ मिलकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। सुबह से ही पुलिस बल के एक्शन से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मुख्य चौक, बस स्टैंड, बाईपास, बाजार और अन्य संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध वाहनों, राहगीरों और ठिकानों की कड़ी जांच की गई। डॉग स्क्वाड के जैक और रैम्बो की तेज सूंघ एवं कमांडो बल की तत्पर कार्रवाई ने नशा तस्करों को चौकन्ना कर दिया। कई स्थानों पर सख्त चेकिंग की गई। भट्टूकलां क्षेत्र में भी पुलिस ने डॉग स्क्वाड और विशेष टीमों के सहयोग से कई संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहन तलाशी ली। अभियान के दौरान पुलिस ने नशा तस्करी से जुड़े नेटवर्कों पर नजर रखते हुए कई महत्वपूर्ण इनपुट भी एकत्रित किए।



फतेहाबाद। जिले में तलाशी अभियान चलाती पुलिस टीम।

#### नशा तस्करों की शहर में कोई जगह नहीं: एसपी

एसपी सिद्धांत जैन ने स्वयं इस अभियान की निगरानी की और कहा कि फतेहाबाद में नशा तस्करों के लिए अब कोई जगह नहीं बची है। ऐसे व्यक्तियों के लिए केवल एक ठिकाना जेल है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत पुलिस लगातार नशा-विरोधी मुहिम तेज कर रही है। गुप्त सूचना तंत्र को मजबूत किया जा रहा है, लगातार नशा जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं और नशे के नेटवर्क की जड़ तक पहुँचने के लिए रणनीतिक कार्रवाई जारी है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को नशा तस्करी या नशे के सेवन से संबंधित कोई भी सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को अवगत कराएँ। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

लाइफ Style

# अदिति

## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम'के सेट पर शुरू हुई थी।

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।



# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं

**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'



# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस*** : साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक*** : फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।



***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान*** : साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर*** : 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।


***जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी*** : साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज़ अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉड्र्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉड्र्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025 के विजेताोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज़ की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला,

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**



जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैच: किल ज़ोन: इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** : *धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** : *धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** : *ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** : *फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** : *मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** : *'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

## खबर संक्षेप

### घर पर पत्थरबाजी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जाखल की बाजीगर बस्ती में एक घर पर पत्थरबाजी करने और हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान साहिल उर्फ शैली पुत्र सतीश कुमार, निवासी गुरुद्वारा बस्ती, जाखल के रूप में हुई है। थाना जाखल के प्रभारी उप-निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि 22 नवंबर को शिकायतकर्ता राजपाल पुत्र जैला राम निवासी बाजीगर बस्ती, जाखल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि नामजद व्यक्तियों ने तलवारों सहित हमला कर उसे घायल किया, जान से मारने की धमकी दी और उसके घर पर पत्थरबाजी की।

### अवैध हथियार मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने अवैध हथियार मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रविन्द्र उर्फ आशु पुत्र कुलदीप निवासी कुक्डावाली के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद के प्रभारी उप-निरीक्षक वेदपाल ने बताया कि 22 नवंबर को पुलिस टीम रूटीन गश्त के दौरान हासंपुर पुल, हिसार-सिरसा बाईपास के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को चेक किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से नाजायज .32 बोर पिस्टल, मैगजीन और मैगजीन में मौजूद 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। इस मामले में थाना शहर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया और आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया था।

### गांव खजूरी जाटी में 2 ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग

**फतेहाबाद।** नशे के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा जनजागरूकता और पुनर्वास की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने गांव खजूरी जाटी का दौरा किया। टीम ने नशे की चपेट में आए युवाओं और नागरिकों से मुलाकात कर उन्हें पुनर्वास एवं नशामुक्त जीवन की ओर लौटने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान गांव खजूरी जाटी के 2 ड्रग पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। सभी की काउंसलिंग की गई और उनकी मानसिक एवं शारीरिक स्थिति के अनुसार आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक औषधियां उपलब्ध कराई गई।

### नए श्रम कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन आज

**हिसार।** संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को संयुक्त किसान मोर्चा और सभी ट्रेडों यूनियनों के आह्वान पर नए श्रम कानूनों और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला मुख्यालयों पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित सभी विभागों के सैकड़ो कर्मचारी शामिल होंगे। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक सैनी, जिला सचिव ओमप्रकाश माल, वित्त सचिव पवन कुमार, वरिष्ठ उप प्रधान बिशन सिंह व सहसचिव विनोद प्रभाकर ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की भाजपा सरकार लगातार जनविरोधी व कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही हैं।

### प्रमोद कुमार सहायक कुलसचिव पद पर पदोन्नत

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में प्रमोद कुमार को सहायक कुलसचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है। प्रमोद कुमार वर्तमान में विश्वविद्यालय में प्रशासनिक-सह-लेखा अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। पदोन्नति आदेश पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा की स्वीकृति दी गई। इस अवसर पर कुलपति ने प्रमोद कुमार को शुभकामनाएं दी। साथ ही लुवास गैर-शिक्षक संघ के प्रधान दयानंद सोनी ने यूनियन की ओर से कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा तथा कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका का इस पदोन्नति के लिए आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

# चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी की टीम ने रनर-अप ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

- प्रतियोगिता में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित देशभर की 20 टीमों ने भाग लिया


सिरसा। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के विधि विभाग की मूट कोर्ट टीम ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार के मार्गदर्शन तथा विभागाध्यक्ष प्रो. उमेद सिंह के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय स्तर पर एक उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है।

स्वामी देवी दयाल लॉ कॉलेज, पंचकूला द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रनर-अप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

विभाग के अध्यक्ष प्रो. उमेद सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली आदि राज्य सहित देशभर की 20 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में विधि विभाग की दो टीमों ने भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सभी महत्वपूर्ण श्रेणियों में पुरस्कार अपने नाम किए। प्रो. उमेद सिंह ने कहा कि टीम का नेतृत्व विभाग के प्राध्यापक डॉ. विकास पूनिया ने किया। बी.ए. एलएल.बी. 9वें सेमेस्टर की छात्रा कशिश भटनागर तथा बी.ए. एलएल.बी. 5 वें सेमेस्टर के छात्र क्रिश शर्मा और मंजीत कंबोज की प्रथम टीम ने प्रभावशाली विधिक तर्क, शोध क्षमता और प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन किया। रनरअप ट्रॉफी के साथ-साथ व्यक्तिगत श्रेणियों में बेस्ट मूटर अवॉर्ड क्रिश शर्मा, बेस्ट मेंशन स्पीकर (प्रॉसीक्यूशन) अवॉर्ड कशिश भटनागर, स्पेशल मेंशन रिसर्चर अवार्ड मंजीत कंबोज ने प्राप्त किया। विभाग की दूसरी टीम जिसमें बी.ए. एलएल.बी. 7वें सेमेस्टर की छात्राएं वृंदा शर्मा और ऋचा कंबोज, तथा एलएल.बी. 3 वें सेमेस्टर की छात्रा शानू सिंगला शामिल थीं, ने भी अपने प्रभावी शोध और प्रस्तुति से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से ऋचा कंबोज व वृंदा शर्मा ने उत्कृष्ट शोध क्षमता का प्रदर्शन करते हुए बेस्ट रिसर्चर अवॉर्ड प्राप्त किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति हरकेश मनुजा, उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता विशाल व प्रिंसिपल रिचा रंजन द्वारा किया गया।

### बेस्ट मेंटर अवार्ड प्रदान किया

समापन समारोह में माननीय न्यायमूर्ति हरकेश मनुजा ने टीम इंचार्ज डॉ. विकास पूनिया को छात्रों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन, समर्पण और उनकी कानूनी क्षमता को संवारने में उल्लेखनीय योगदान हेतु बेस्ट मेंटर अवार्ड प्रदान किया। कुलगुरु प्रो. विजय कुमार ने टीमों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपने परिश्रम, अनुशासन और प्रतिभा के बल पर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। विभागाध्यक्ष प्रो. उमेद सिंह ने दोनों टीमों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। टीम इंचार्ज डॉ. विकास पूनिया ने कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिता छात्रों को व्यावहारिक न्यायालयीय अनुभव प्रदान करती हैं और उन्हें एक सक्षम, आत्मविश्वासी और उत्तरदायी विधिक पेशेवर बनने की दिशा में तैयार करती हैं। समापन समारोह में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधि विभाग के प्राध्यापक डॉ. अनिल घंघास, डॉ. ज्योत्सना चौधरी, डॉ. नरेंद्र कुमार और डॉ. वकील मेहरा भी उपस्थित रहे और विजेता टीमों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कीं।


भट्टूकलां। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेते पीडीएम स्कूल के विद्यार्थी।

## जिला स्तरीय गीता जयंती प्रतियोगिता

# पीडीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

- प्रधानाचार्या अनीता गिजरोईया व डायरेक्टर साधुराम जाखड़ ने सभी विजेता छात्रों, स्टाफ, अभिभावकों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

पीडीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय गीता जयंती प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी की लहर है। प्रधानाचार्या अनीता गिजरोईया और स्कूल के डायरेक्टर साधुराम जाखड़ ने बताया कि गीता महोत्सव जीवन मूल्यों और धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला एक महत्वपूर्ण व सांस्कृतिक आयोजन है।

इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में ज्ञान, अनुशासन व प्रस्तुतीकरण क्षमता को बढ़ावा देती हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धांगड़ में सम्पन्न हुई। इनमें निबंध लेखन, गीता श्लोकोच्चारण, भाषण, संवाद, प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग सहित विभिन्न विधाओं की स्पर्धाएं करवाई गई। पीडीएम स्कूल के छात्रों ने हर प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए। निबंध लेखन में पूनम पुत्री कृष्ण कुमार ने द्वितीय स्थान, संवाद प्रतियोगिता में ममता व तमत्रा ने द्वितीय स्थान, गीता श्लोकोच्चारण में मणिकर्णिका पुत्री जगदेव सिंह ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इन उपलब्धियों के साथ पीडीएम स्कूल के सभी विजेता विद्यार्थी अब राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में भाग लेंगे। प्रधानाचार्या अनीता गिजरोईया व डायरेक्टर साधुराम जाखड़ ने सभी विजेता छात्रों, स्टाफ, अभिभावकों को बधाई दी है।

# साहिब वर्मा ने मनवाया अपने अभिनय का लोहा

- बटोरी वाहवाही, सिरसा को किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। सिरसा निवासी साहिब वर्मा।

फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित देशभक्ति फिल्म 120 बहादुर में 'नन्हे' के रूप में सिरसा निवासी साहिब वर्मा ने अपने ऊर्जावान अभिनय से अमिट छाप छोड़कर खूब प्रशंसा बटोरी है। बीकॉम की शिक्षा हासिल कर दिल्ली में एक साल थियेटर में अनथक मेहनत के बल पर अपने रोल से अमिट छाप छोडऩे वाले साहिब वर्मा इस फिल्म में एक ऐसे किरदार को निभा रहे हैं, जो एक चॉकलेट का दीवाना है, साहिब के किरदार को ख़ास बनाने वाली बात है, उनके द्वारा पेश की गई भावनाओं की विस्तृत श्रृंखला, हास्य, क्रोध, भय, भावनात्मक गहराई और यहां तक कि एक्शन भी। साहिब इन सभी पहलुओं को सहजता से निभाते हैं, जिससे नन्हें हर उम्र के दर्शकों के लिए एक यादगार और प्रासंगिक किरदार बन जाता है। अपनी सहज अभिनय शैली और भावपूर्ण स्क्रीन उपस्थिति के साथ, साहिब वर्मा तेजी से इंडस्ट्री में एक नए और होनहार चेहरे के रूप में उभर रहे हैं। 120 बहादुर उनके बढ़ते सफर में एक मजबूत कदम है, जिसने सिरसा को गौरवान्वित किया है और उन्हें भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित प्रतिभाओं में से एक बना दिया है। उल्लेखनीय है कि साहिब वर्मा इससे पूर्व एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म, अमेजॉन मिनी की तीन सीरिज व एक साल थियेटर में काम कर चुके हैं। एक अन्य फिल्म में भी जल्द साहिब वर्मा बड़े पर्दे पर अपना किरदार निभाते नजर आएंगे।

# शतचंडी हवन यज्ञ में पहुंच रहे सैकड़ों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



सर्व श्री चंडी माता मंदिर अशोक नगर में आयोजित श्री शतचण्डी हवनात्मक महायज्ञ और रूद्र यज्ञ में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। यज्ञशाला की परिक्रमा करने के लिए रोजाना सुबह-शाम सैंकड़ों श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। भक्त माता सत्यम देवा के सान्निध्य में विधिवत पूजन कर हवन में आहुति डाल रहे हैं और प्रदेश व समाज की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में प्रतिदिन गूंजने वाली वेद मंत्रों की ध्वनि से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर रहा है। माता सत्यम्-देवा ने कहा कि हवन का आध्यात्मिक महत्व अत्यंत बड़ा है। यह न केवल वातावरण को पवित्र बनाता है, बल्कि मन और आत्मा की शुद्धि का भी माध्यम है। उन्होंने सभी भक्तों से आयोजन में बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के प्रधान संजय आहूजा, प्रमुख सेवादार संजय शर्मा, पार्षद नीलांशी शर्मा, रिंकू खन्ना, रमेश असीजा, साहिल असीजा, जगदीश दरियापुर, बंसी लाल कक्कड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


फतेहाबाद। देहदानी अंकित धमीजा को अंतिम विदाई देते परिजन व डेरा श्रद्धालु।

# अंकित धमीजा इन्सां बने शरीरदानी और नेत्रदानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डेरा सच्चा सौदा से जुड़े सेवादार 40 वर्षीय अंकित धमीजा इन्सां पुत्र विनोद धमीजा इन्सां ने अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर सचखंड में विराजमान होकर देहदान-नेत्रदान जैसी मानव सेवा की अनुपम मिशाल कायम की। उनका पार्थिव शरीर मानवता की सेवा हेतु उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेज को समर्पित किया गया, जहां मेडिकल छात्र उनके माध्यम से शोध कर नई बीमारियों पर अध्ययन करेंगे और आने वाली पीढियों को इसका लाभ मिलेगा। अंकित धमीजा इन्सां एक सच्चे, नम्र व सेवाभावी इंसान के रूप में जाने जाते रहे। यह देहदान और नेत्रदान समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है कि मृत्यु के बाद भी मानव सेवा की जा सकती है। अंतिम दर्शन के लिए भारी तादाद में साध-संगत, शहर के गणमान्य नागरिक, रिश्तेदार एवं शाह सतनाम ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

### बाइपोर्टल एंडोस्कोपी से बिना चीरा लगे सर्जरी संभव : डॉ. नागपाल

**हिसार।** बाइपोर्टल एंडोस्कोपी व जापानी तकनीक आज दुनिया की सबसे सुरक्षित और पेशेंट फ्रेंडली स्पाइन तकनीकों में मानी जाती है क्योंकि इसमें बहुत कम ब्लीडिंग होती है। मरीज को लगभग दर्द नहीं होता और लगभग 45 मिनट में सर्जरी पूरी हो जाती है, कई मरीज उसी दिन घर जा सकते हैं। यह जानकारी ऑर्थोमेड अस्पताल के स्पाइन सर्जन डॉ. समीर नागपाल ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में दी। डॉ. नागपाल ने बताया कि ऑर्थोमेड अस्पताल अब रीढ़ की बीमारियों के लिए अत्याधुनिक और भरोसेमंद उपचार प्रदान करने में सक्षम है। बाइपोर्टल एंडोस्कोपी तकनीक में वे हरियाणा के पहले स्पाइन सर्जन हैं जो इस उन्नत तकनीक के विशेषज्ञ हैं तथा इस पर कई अंतरराष्ट्रीय शोध प्रकाशित करा चुके हैं। इस मौके पर डॉ. संजय अरोड़ा, डॉ. शिल्पा अरोड़ा और डॉ. मेघना नागपाल सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे।

# फतेहाबाद पुलिस ने लाखों के गुम हुए 7 मोबाइल ढूंढकर लौटाए

- अब तक 392 मोबाइल बरामद, आज एसपी ने 3 लाख के फोन मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। लोगों को उनके गुम मोबाइल फोन ढूंढकर वापस सौंपते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस की साइबर टीम ने अपनी तकनीकी दक्षता के दम पर लाखों रुपये के गुम हुए मोबाइल फोन ढूंढकर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की अगुवाई में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 3 लाख मूल्य के सात मोबाइल फोन लाभार्थियों को लौटाए गए। यह फतेहाबाद साइबर थाना की लगातार सफल रिकवरी अभियानों का हिस्सा है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार और उनकी टीम ने आईएमईआर ट्रैकिंग, डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रेसिंग जैसे अत्याधुनिक साधनों की मदद से इन मोबाइलों को खोज निकाला। अब तक 392 से अधिक गुमशुदा मोबाइल फतेहाबाद साइबर थाना द्वारा बरामद कर उनके मालिकों को सौंपे जा चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान कई लाभार्थियों की आंखों में भावनाओं की चमक थी। कुछ लोगों ने तो मोबाइल वापस मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस की सक्रियता ने न केवल उनका फोन लौटाया, बल्कि पुलिस पर उनका भरोसा भी मजबूत किया। जिन लाभार्थियों को मोबाइल लौटाए गए उनमें पवन कुमार बंसल निवासी शास्त्री नगर, फतेहाबाद, बंसी लाल निवासी कोर्ट कॉम्प्लेक्स, फतेहाबाद, नसीब निवासी भट्टूकलां, पृथ्वी सिंह, निवासी धांगड़, कविता निवासी ढांड, सचिन निवासी फतेहाबाद तथा संदीप निवासी फतेहाबाद शामिल हैं। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि गुम मोबाइल वापस लौटाना सिर्फ तकनीक का इस्तेमाल नहीं, यह पुलिस की संवेदनशीलता का परिचय है। हमारा लक्ष्य है कि हर नागरिक यह महसूस करे कि पुलिस उनकी अपनी है, हर मुश्किल में और हर मोड़ पर साथ खड़ी है।

### मजदूर संघ ने नए श्रम कानून लागू किए जाने का किया स्वागत

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ की एक बैठक में केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा चार श्रम संहिताओं को लागू किए जाने का स्वागत किया गया। हरियाणा बिजली बोर्ड कर्मचारी परिषद महामंत्री एवं विभाग प्रमुख हिसार सुनील ढिल्लों ने बताया कि उपरोक्त श्रम कानूनों को लागू करने की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ पिछले कई सालों से संघर्ष कर रहा था। आखिरकार भारतीय मजदूर संघ की मेहनत रंग लाई। उन्होंने बताया कि यह चार नए श्रम कानून लागू होने से सभी श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी मिलेगी, सभी श्रमिकों का वेतन बैंक के माध्यम से मिलेगा, प्रत्येक श्रमिक को नियुक्ति पत्र मिलेगा, सामाजिक सुरक्षा में सभी श्रमिकों का पंजीकरण अनिवार्य होगा, जहां 20 इससे ज्यादा कर्मचारी है वहां पर ईपीएफ, ईएसआई व ईडीएलआई लागू करना अनिवार्य होगा।

**चर्चा** — लघु सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक

# सड़कों में खामियां पाए जाने पर तत्काल दुरुस्त करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके : एडीसी

- अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडीसी। फोटो : हरिभूमि

सडक़ दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें, जहां भी सड़क में जो खामियां है, उन्हें दुरुस्त किया जाना चाहिए। पुलिस दुर्घटना स्थल पर मिलने वाली खामियों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल अवगत करवाएं ताकि समय रहते उस पर कार्यवाही हो और यदि कोई विभाग देरी करता है तो उसे नोटिस जारी किया जाना चाहिए। ये निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में जिला सडक़ सुरक्षा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। इस बैठक में आरटीए संजय बिश्नोई, एसडीएम राजेंद्र कुमार, डीडीपीओ बलजीत सिंह, डीएसपी संजीव कुमार, जिला वन अधिकारी सतीश कुमार, जीएम रोडवेज अनीत कुमार, डीपीसी सुभाष कुमार, डिप्टी सीएमओ संदीप सिंह, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता गौरव भारद्वाज, बिजली निगम के एक्सईएन जीत राम, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन कमलदीप राणा, नगर पालिका ऐलनाबाद के सचिव रविंद्र सिंह, एनएचआई से सुमित सुथार मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम डबवाली अर्पित संगल व एसडीएम ऐलनाबाद पारस भागोरिया ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विभिन्न मार्गों पर उनके पुल या पुलिया क्षतिग्रस्त न हो, उन पर साइनेज लगे होने चाहिए और सुरक्षा दीवार भी बनी होनी चाहिए। उन्होंने माखा से खोखर रोड पर मौजगढ माइनर पर पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के मामले में कहा कि इस पर तत्काल कार्यवाही करें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए कि इस पुलिया पर साइनेज व दीवार तुरंत बनवा दें ताकि कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने रोड़ी रोड पर कालांवाली के फ्लाइओवर के समीप गति अवरोधक व कैट आइज लगाने व तारूआना में चौक पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने, गांव टप्पी के बस स्टैंड के समीप साइन बोर्ड व कैट आइज, पेड़ों की कटाई, सुखचैन रोड व ओढां - कालांवाली रोड पर स्कूल के समीप साइन बोर्ड, मिठड़ी बस स्टैंड पर कैट आइज व जेब्रा क्रॉसिंग बनाए जाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि भुर्टवाला के समीप पुल पर सुरक्षा दीवार न होने के मामले में सिचाई विभाग को नोटिस जारी किया जाए।

### जनसुविधाओं को लेकर दिए निर्देश

उन्होंने जनसुविधाओं को लेकर कहा कि सिरसा में भावदीन और खुइयां मलकाना में टोल प्लाजा बने हुए हैं, यहां के शौचालय के हालात सही होने चाहिए। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि खुईयां मलकाना टोल के शौचालय को दुरुस्त कर दिया गया है और भावदीन टोल के शौचालय को भी जल्द ठीक कर दिया जाएगा। बैठक में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी पर भी विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों की लगातार जांच की जाए और यह जांच औचक की जानी चाहिए। जिन स्कूल बसों में खामियां नजर आती है, उन बसों पर कार्रवाई की जाए। आरटीए की ओर से बताया कि गया कि इस माह खामियां पाए जाने पर 10 स्कूल बसों का चालान किया गया है।

# नशा एक गंभीर समस्या, इससे निपटना बड़ी चुनौती: एसपी

- एसपी ने रतिया में की पैदल गश्त, आम लोगों से बातचीत कर लिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने मंगलवार शाम को शहर में बस अड्डा क्षेत्र से पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पार्षद सतपाल, हैप्पी, प्रवीण जग्गा, बॉबी कंबोज सहित मौजूद गणमान्य लोगों से कानून व्यवस्था को लेकर बातचीत और उनके सुझाव भी लिए। एसपी ने मौजूद लोगों को कहा कि कानून-व्यवस्था की मजबूती और जनता के प्रति जवाबदेही व विश्वास ही उनका प्रमुख लक्ष्य है। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि रतिया क्षेत्र में नशे की रोकथाम को लेकर काफी प्रयास किया जा रहे हैं जिसमें काफी हद तक पुलिस प्रशासन सफल भी होता दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने माना कि क्षेत्र में मेडिकल नशा एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है और उससे निपटना ही उनकी मुख्य चुनौती है।

कार्यालय नगर परिषद मण्डी डबवाली जिला सिरसा।
क्रमांक :- 3128 दिनांक 14-11-25
विषयः - मरणोपरान्त ग्रहकर यूनिट नम्बर 3MK816K1 वार्ड नम्बर 14 को नगरपरिषद मण्डी डबवाली जिला सिरसा के रिकार्ड में मृतक के वारसान के नाम तबदील करने हेतु प्रकाशन अखबार में देने बारे रेपोर्ट।
उपरोक्त विषय पर आप महोदय को अनुरोध सहित सूचित किया जाता है कि प्रोपर्टी यूनिट नम्बर 3MK816K1 वार्ड नं. 14, सुन्दर लाल पुत्र भोला राम के नाम रिहायशी मकान नगरपरिषद मण्डी डबवाली जिला सिरसा के गृहकर रिकार्ड में चला आ रहा है। प्रार्थीया गुडडी पत्नी सुन्दर लाल द्वारा दिये गये आवेदन में संलग्न दस्तावेजों के आधार पर उसका पति सुन्दर लाल पुत्र भोला राम का देहान्त 22-05-2025 को हो चुका है। प्रार्थीया द्वारा दिये गये आवेदन अनुसार वर्तमान में मृतक सुन्दर लाल पुत्र भोला राम के इस समय (गुडडी पत्नी सुन्दर लाल, सन्तोष देवी पुत्री सुन्दर लाल) जायज वारसान बने हैं। प्रार्थीया के पास उक्त प्रोपर्टी से सम्बन्धित मालिकान दस्तावेज उपलब्ध हैं। प्रार्थीया उक्त प्रोपर्टी से सुन्दर लाल पुत्र भोला राम का गृहकर रिकार्ड में वारसान के नाम प्रोपर्टी टैक्स वसूली हेतु दर्ज करवाना चाहती है। इस सम्बन्ध में प्रार्थीया द्वारा 30 दिन के लिये अपने खर्चों पर नोटिस राष्ट्रीय अखबारों में प्रकाशित करने हेतु इजाजत मांगी गई है।
उपरोक्त नोटिस की प्रकाशन इजाजत देने बारे रिपोर्ट/आगामी आदेश प्रस्तुत है।
कार्यकारी अधिकारी,
नगरपरिषद मण्डी डबवाली, सिरसा।

कार्यक्रम: श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा

# क्रेसंट स्कूल में हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

■ 'हे राम, हे राम' की प्रार्थना ने वातावरण में आध्यात्मिक सौम्यता भर दी

क्रेसंट स्कूल, फतेहाबाद में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा, साहस एवं आत्मत्याग, थीम के साथ गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान दिवस अत्यंत श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कंगना ,परिनीति, क्यान एवं माधव ने किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गई 'हे राम, हे राम' की प्रार्थना ने वातावरण में आध्यात्मिक सौम्यता भर दी। वरिष्ठ एवं प्राथमिक दोनों वर्गों के विद्यार्थियों ने मिलकर गुरु जी के जीवन, त्याग एवं बलिदान पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। मानव, नक्श, राघव, युवराज व आयुष ने गुरु तेग बहादुर जी के वीरतापूर्ण जीवन प्रसंगों को सांझा किया । हरमन ने पंजाबी कविता 'दशमेश पिता दे पिता प्यारे, धरम दी खातिर जान वारे' तथा कनिष्क व प्रतीक ने हिंदी कविता 'धर्म की रक्षा का लिया प्रण, डिगा नहीं उनका पवित्र मन' के माध्यम से गुरु जी के संदेशों एवं मानवीय मूल्यों को प्रभावशाली रूप में व्यक्त किया। हर्षिका, दिव्यांशु व तेजस ने अपने व्याख्यानों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार श्री गुरु तेग बहादुर मानवता एवं धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए हिंद की चादर कहलाए। प्राथमिक विंग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों हरसिमरत, रूहानी जेसविन ने अपनी 'मोरल वैल्यूज' के द्वारा बताया कि महान कार्य छोटे-छोटे कार्यों से बने होते हैं। क्षितिज, मुखिल व अंश ने अपने विचारों के माध्यम से बताया कि गुरु तेग बहादुर जी ने स्वतंत्रता, धर्म और अंतरात्मा की शुचिता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। छात्र अन्वी ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछ कर उपस्थित विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा।

प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों

## अपेक्स स्मार्ट स्कूल में श्रद्धा भाव से मनाया गया शहीदी दिवस

रतिया। मढ़ कॉलोनी स्थित अपैक्स स्मार्ट स्कूल में भारतीय धर्म, संस्कृति हिंदू-हिंदुत्व और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अथक संघर्ष करने वाले सिखों के 9वें गुरु, गुरु तेगबहादुर का शहीदी दिवस 25 नवंबर यानी मंगलवार को मनाया गया। इस दिन को स्मरण करते हुए विद्यालय के प्रबंधक शैलेंद्र गोस्वामी ने बच्चों को बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी सिखों के दस गुरुओं में से नौवें गुरु थे. वे महान संत, विचारक और धार्मिक स्वतंत्रता के रक्षक माने जाते हैं। उनका जीवन साहस, त्याग और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा। श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस उनकी शहादत और उनके उपदेशों को याद करने का दिन है। उन्होंने लोगों के अधिकारों और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्कूल के प्रबंधक अशोक मदान ने कहा कि इस वर्ष नौवें सिख गुरु और हिंद की चादर, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी जयंती है। स्कूल प्रबंधक सोनिया मदान और प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा ने बच्चों को बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी, जिन्होंने लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता बचाने के लिए अपना जीवन दे दिया और श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत को नमन करने और उनकी प्रेरणा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए है।




फतेहाबाद। आर्यभट्ट स्कूल में श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर नमन करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

देश की रक्षा के लिए बलिदान दिया

## आर्यभट्ट स्कूल में श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर बच्चों ने किया नमन

■ धर्म और देश की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह नहीं की

फतेहाबाद। बीघड़ रोड स्थित आर्यभट्ट स्कूल में श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर सभा का आयोजन किया गया। स्टॉफ सदस्यों और बच्चों ने गुरु जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान बच्चों ने भी गुरु जी की जीवनी से जुड़े इतिहास को भाषण और कविताओं के माध्यम से अन्य विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। स्कूल प्रिंसिपल दीपिका झांब ने कहा कि देश और धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर जी का स्थान अद्वितीय है। गुरु तेग बहादुर जी को हिंद की चादर भी कहा जाता है क्योंकि इन्होंने अपने जीवन काल में हिंदू धर्म की रक्षा की। प्रिंसिपल ने कहा कि गुरु जी ने संदेश दिया कि हमें अपने धर्म और देश की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह नहीं करनी चाहिए।



रतिया। शिविर में रक्तदान करते युवा। फोटो : हरिभूमि

50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया

## शहीदी शताब्दी के अवसर पर गुरुद्वारा विश्वकर्मा साहिब में लगा रक्तदान

रतिया। श्री गुरु तेग बहादुर महाराज जी के 350वीं शहीदी शताब्दी के अवसर पर फतेहाबाद रोड स्थित गुरूद्वारा विश्वकर्मा साहिब में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के मार्गदर्शन में एचडीएफसी बैंक, फ्रेंड्स क्लब व गुरूद्वारा कमेटी के सहयोग से रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया है।

कैम्प में ब्लड बैंक फतेहबाद की टीम द्वारा करीब 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक के मैनेजर यश नारंग, डब्ल्यूबीओ विभाग से कर्मवीर सिंह, तरसेम सिंह, गुरुद्वारा प्रधान कश्मीर सिंह एवं फ्रेंड्स क्लब से डॉ. पीयूष सहित सदस्यों ने रक्तदान करने वालों का होंसला बढ़ाने हुआ प्रेरित किया। सामाजिक कार्यकर्ता हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब 350वीं शहीदी शताब्दी मौके संस्थाओं के सहयोग से रक्तदान कैंप लगाया गया। जिसमें बढ़ चढ़ कर युवाओं व मातृ शक्ति ने रक्तदान किया।

### धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हुए गुरु तेगबहादुर: केडिया

सिरसा। श्री सनातन धर्म सभा के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन केडिया ने श्री गुरु तेगबहादुर के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने कार्यालय में उन्होंने श्री गुरू तेगबहादुर को नमन किया। केडिया ने कहा कि गुरू तेगबहादुर सिखों के नौवें गुरु थे। विश्व इतिहास में धर्म और मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांत की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेगबहादुर साहब का स्थान अद्धितीय है। गुरु तेगबहादुर विश्व में प्रभावशील गुरू है। उनके बारे में कहा गया है,धरम हेत साका जिनि कीआ सीस दीआ पर सिरउ न दीआ। उन्होंने मुगलिया सल्तनत का विरोध किया। 1675 में मुगल शासक औरंगजेब ने उन्हे इस्लाम स्वीकार करने को कहा। पर गुरु साहब ने कहा कि सीस कटा सकते हैं, केश नहीं। इस पर औरंगजेब ने सबके सामने उनका सिर कटवा दिया। गुरुद्वारा शीशगंज साहब और गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब उन स्थानों का स्मरण दिलाते हैं जहां गुरुजी की हत्या की गई व जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया था। नवीन केडिया ने कहा कि सिख गुरुओं का बलिदान भरा इतिहास रहा है।

## खबर संक्षेप

### पैसों के लेन-देन को लेकर झगड़ा, दो पकड़े

फतेहाबाद। पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला करने के मामले में टोहाना पुलिस ने बिहार के रहने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गरीबू पुत्र छेदूराम निवासी मुजफ्फरपुर, बिहार तथा राजा बाबू पुत्र गरीबू निवासी मुजफ्फरपुर, बिहार के रूप में हुई है। दोनों अब टोहाना के वार्ड नं. एक में रहते हैं। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि 23 नवंबर को हरिन्द्र साहनी पुत्र मक्खन साहनी निवासी रोशनपुर चक्की, थाना अहियापुर जिला मुजफ्फरपुर हाल भाठ बस्ती राजनगर, टोहाना ने शिकायत दी थी।

### श्री हरिनाम संकीर्तन मंडल ट्रस्ट ने जताया आभार

फतेहाबाद। श्री हरिनाम संकीर्तन मंडल ट्रस्ट के सरंक्षक पंडित हरिराम शर्मा एवं प्रधान अशोक मुंजाल ने 21 से 23 नवम्बर तक श्री रघुनाथ मंदिर में 31वें वार्षिक संकीर्तन महासम्मेलन के सफल आयोजन के लिए शहरवासियों, श्री रघुनाथ मंदिर सभा एवं अन्य संस्थाओं का धन्यवाद व्यक्त किया है। वृंदावन से पधारे धीरज कृष्ण शास्त्री ने अपने मुखारवृनद से श्री भक्तमाल कथा श्रवण करवाई। पहली रात साध्वी पूर्णिमा जी श्री धाम वृंदावन से पधारी एवं राधा नाम की वर्षा की, दूसरे दिन भैया रवि राज ग्रोवर ने हरिनाम किया एवं अंतिम दिन भैया कृष्ण दास भूटानी सिरसा से अपने सुंदर भजनों से हरिनाम संकीर्तन किया, माता सत्यम देवा जी एवं बाकी सभी रसिकजनो ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम

## मुस्कान ने भाषण प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर किया तृतीय स्थान हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। विजेता मुस्कान को सम्मानित करते हुए डीईओ। फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटली सिरसा की छात्रा मुस्कान ने 'हिन्द की चादर' गुरु तेग बहादुर के जीवन पर आधारित संस्कृत भाषा में आयोजित प्रांत स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता हरियाणा सरकार द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के 350वें पावन निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित करना था। हरिओम भारद्वाज ने बताया कि विद्यालय स्तर से शुरू होकर खंड स्तर, जिला स्तर और फिर राज्य स्तर तक आयोजित इन प्रतियोगिताओं में संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी और पंजाबी भाषाओं में गुरु तेग बहादुर जी के जीवन वृत्त से परिपूर्ण साखियों पर आधारित आयोजन शामिल थे। बेटी मुस्कान की इस उपलब्धि पर जिला के शिक्षा अधिकारियों, भारत विकास परिषद् के प्रतिनिधियों और विद्यालय परिवार द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं और बधाईयां दी गई हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता सांई, खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित मनहर, भारत विकास परिषद् के जिला समन्वयक प्रमोद मोहन गौतम, हरियाणा

### श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

सिरसा। हरियाणा सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए वर्ष 2025 के हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित को श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार के साथ पांच लाख रुपए की राशि तथा प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दर्शना सिंह ने बताया कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 01 दिसंबर 2025 है। नामांकन के साथ उम्मीदवार का संपूर्ण बायोडाटा और उसके योगदान का विस्तृत विवरण अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

शहर के सुंदर नगर में वारदात के बाद कार्रवाई

## शहीद की पत्नी की गाड़ी में तोड़फोड़ करने व धमकी देने में बाप-बेटे सहित चार पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के सुंदर नगर में अपने भाई के घर आई शहीद हुए जवान की पत्नी की स्कॉर्पियो गाड़ी के शीशे तोडऩे और जान से मारने की धमकी देने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर सुंदर नगर निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र जसवंत सिंह, उसके बेटे ललित कुमार के अलावा दो अन्य युवकों प्रदीप व सोनू शाक्य पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115, 3(5), 324(4), 351(3) के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में दो साल पहले लद्दाख में खाई में सेना की गाड़ी गिरने से शहीद हुए नायब सूबेदार रमेश लाल की पत्नी गीता रानी ने बताया कि उसकी ससुराल पंजाब के फरीदकोट जिले की तहसील कोटकपुरा के गांव सौरसरी में है। वह 23 नवंबर की शाम को अपने मायके में भाई विनोद कुमार से मिलने के लिए सुंदर नगर फतेहाबाद आई हुई थी। गीता रानी ने बताया कि उन्होंने अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी भाई के घर के बाहर आर्य समाज वाली गली, सुंदर नगर में खड़ी की थी। 23 नवंबर की रात करीब 11:40 बजे राजेंद्र कुमार, उसका बेटा ललित कुमार व उनके दो अन्य साथी प्रदीप, सोनू शाक्य ने आकर गाली गलौच करनी शुरू कर दी।

### की जा रही जांच

महिला ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने उसकी गाड़ी को ईंटें मारकर उसके शीशों को तोड़ डाला। महिला ने आरोप लगाया कि इन लोगों से उसे व उसके परिवार को जान का खतरा बना हुआ है। महिला की शिकायत पर थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बारे सिटी थाना एसएचओ सुरेंद्रा ने बताया कि शहीद रमेश लाल की पत्नी गीता रानी के बयान पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है, मामले की आगामी जांच जारी है।

दहेज कम लाने का मार रहे हैं ताने

## बेटा पैदा न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ऐलनाबाद

जिले में एक विवाहिता को दहेज की मांग और दो बेटियां के पैदा करने पर मारपीट कर घर से निकाल देने का मामला सामने आया है।

पुलिस को दी शिकायत में ऐलनाबाद निवासी विवाहित महिला ने बताया कि बीती 12 अप्रेल 2023 को सिरसा की एक कॉलोनी निवासी युवक के साथ शादी हुई थी। शादी के कुछ दिनों के बाद उसके ससुराल वालों ने उसे दहेज कम लाने पर ताना मारने लगे। दहेज में उनको बाइक न लाने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि वह गर्भवती हुई थी तो उस समय भी परेशान करना कम नहीं किया। उसने पहली बेटी को जन्म दिया। कुछ समय बाद में दूसरी बेटी को जन्म दिया। इस पर ससुराल वाले कहने लगे कि वह अपने परिवार चलाने के लिए एक लडक़ा चाहते थे। दोबारा लडक़ी को जन्म देकर खर्चे बढ़ा दिए। ससुराल वालों ने उसे चेतावनी दी कि अगर ससुराल में रहना है तो दहेज में बाइक व इन बच्चों के लालन-पोषण का खर्च मायके से लाना होगा।

सीटों की समीक्षा को लेकर उपायुक्त के मार्फत राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

## हिंदुओं को माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में मिले पूरा हक: विहिप

■ 500 करोड़ की राशि भक्तों द्वारा दान स्वरूप प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। विश्व हिंदु परिषद की जिला इकाई उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए।

माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज, कटरा में सीट वितरण संबंधी समीक्षा के लिए विश्व हिंदु परिषद की जिला इकाई ने उपायुक्त के माध्यम राज्यपाल के नाम ज्ञापन भेजा है। राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में जिला उपाध्यक्ष राकेश कटारिया ने बताया कि विहिप माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज, कटरा का पावन संस्थान देश के करोड़ों भक्तों की आस्था से जुड़ा है तथा इसके निर्माण एवं प्रबंधन में भारी सार्वजनिक निधि का उपयोग हुआ है, जिसमें लगभग 500 करोड़ की राशि भक्तों द्वारा दानस्वरूप प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि कुल 50 सीटों में से लगभग 42 सीटें एक ही समुदाय के विद्यार्थियों को आवंटित की गई हैं, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों एवं बहुसंख्यक हिंदू समाज के बीच असंतोष उत्पन्न हो गया है।

### जांच की मांग

सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि भारत के संविधान में निहित समान अवसर, न्याय एवं पारदर्शिता के मूल्यों को ध्यान में रखते हुए आपसे विनम्र प्रार्थना है कि माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में हुए सीट वितरण मामले की एक निष्पक्ष और उच्च-स्तरीय जांच करवाई जाए। यदि किसी प्रकार की असंतुलित, पक्षपातपूर्ण या समुदाय विशेष को प्रोत्साहित करने वाली नीति अपनाई गई हो, तो उसपर पुनर्विचार किया जाए तथा सभी समुदाय एवं स्थानीय योग्य विद्यार्थियों के हित में उपयुक्त संशोधन किए जाएं। भविष्य में ऐसे पवित्र स्थलों से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों में सीट वितरण प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, संतुलित एवं न्यायसंगत सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

### दीया सजावट में नन्हे मुन्नों ने दिखाई प्रतिभा

सिरसा। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल की प्राईमरी विंग में मंगलवार को संपन्न हुई दीया सजावट प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने विभिन्न डिजाइनों, रंगों और चमकीले सामानों उपयोग करके मिट्टी के दीयों को खूबसूरती से सजाया। प्रतियोगिता में प्रथम कक्षा के सहज, देवांश और हर्षिता को प्रथम स्थान समर्थ, विपुल व नित्या को द्वितीय तथा काव्या, हरलीन व स्पर्श को तीसरा स्थान मिला। वहीं, कक्षा दूसरी मे दृष्टि, देवश्री व सानवी ने प्रथम, अनमोल, पियांशु व गरिमा ने द्वितीय, आयुष, मोहित व परिणीति ने तृतीय स्थान प्राप्त प्राप्त किया।

साहित्य, समाज और मानवाधिकारों के क्षेत्र में योगदान

## डॉ. रेखा रानी को मिला सरस्वती शोधार्थी गौरव सम्मान-2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

साहित्य, समाज और मानवाधिकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. अंबेडकर चेयर, पंजाब की शोधार्थी व सिरसा निवासी डॉ. रेखा रानी को सरस्वती साहित्य संस्थान, हरियाणा द्वारा प्रतिष्ठित सरस्वती शोधार्थी गौरव सम्मान-2025 प्रदान किया गया।

आयोजित समारोह में अनेक शिक्षाविदों, साहित्यकारों, समाजसेवियों और विभिन्न राज्यों के शोधकर्ताओं ने भाग लिया। डॉ. रेखा रानी वर्तमान में डॉ. अंबेडकर चेयर मानवाधिकार एवं पर्यावरणीय मूल्य, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब में शोधरत हैं। उनका शोध दलित एवं वंचित महिलाओं के सामाजिक-कानूनी अधिकारों और मानव गरिमा पर केंद्रित है। वे डॉ. अंबेडकर द्वारा दिखाई गए शिक्षा के मार्ग पर सक्रिय रूप से लेखन कार्य कर रही है।

### 10 से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित

बहु-विषयी प्रतिभा की धनी डॉ. रेखा रानी अंग्रेजी विषय में यूजीसी नेट जेआरएफ, पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में भी यूजीसी नेट जेआरएफ व प्रो. सेवा सिंह बाजवा के दिशा निर्देशन में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। शोध क्षेत्र में वे 10 से अधिक शोध-पत्र, 05 संपादित पुस्तक-चैप्टर प्रकाशित कर चुकी हैं तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में 20 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत कर चुकी हैं। दलित साहित्य, नारी विमर्श, सामाजिक न्याय और मीडिया अध्ययन उनके प्रमुख शोध क्षेत्र हैं। डॉ. रेखा रानी स्टेप शिक्षण संस्था की संस्थापक भी हैं। यह संस्था जरूरतमंद व गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य करती है। डॉ. रेखा रानी को विभिन्न स्तरों पर उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। डॉ. रेखा रानी ने कहा कि यह सम्मान उनके शोध-कार्य और सामाजिक सरोकारों को नई ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के सामाजिक-कानूनी दृष्टिकोण को जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए वे प्रतिबद्ध है।

अपील | क्रेडिट कार्ड स्किमिंग-क्लोनिंग पर एसपी की कड़ी चेतावनी

नागरिकों को सतर्क रहने, मशीनों की जांच करने की अपील

## सतर्कता, जागरूकता और डिजिटल अनुशासन ही धोखाधड़ी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आधुनिक तकनीक ने जहां जीवन को अधिक सुविधाजनक और तेज बनाया है, वहीं साइबर अपराधी भी लगातार नए तरीकों से नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। हाल ही में क्रेडिट और डेबिट कार्ड की स्किमिंग और क्लोनिंग की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है, विशेष रूप से पेट्रोल पंप, रेस्तरां, शॉपिंग मॉल, होटल और एटीएम मशीनों पर ऐसे मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों को जागरूक करने हेतु साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है, जिसमें ऐसे अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय साझा किए गए हैं। एसपी ने कहा कि स्किमिंग वह प्रक्रिया है जिसमें अपराधी एक विशेष उपकरण की मदद से कार्ड की मैग्नेट स्ट्रिप से डेटा चुरा लेते हैं। यह उपकरण अक्सर एटीएम, पीओएस मशीन या पेट्रोल पंप की मशीनों पर गुप्त रूप से लगाया जाता है। वहीं क्लोनिंग, स्किमिंग से प्राप्त डेटा का उपयोग कर नकली कार्ड क्लोन कार्ड बनाने की प्रक्रिया है, जिससे अपराधी आपकी जानकारी के बिना आपके अकाउंट से धनराशि निकाल सकते हैं।



एसपी सिद्धांत जैन।

### सावधानी बरतें

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा, साइबर अपराधी अब बेहद पेशेवर और तकनीकी रूप से दक्ष हो चुके हैं। एक छोटी-सी लापरवाही भी आपके बैंक खाते को खाली कर सकती है। सतर्कता, जागरूकता और डिजिटल अनुशासन ही इस प्रकार के धोखाधड़ी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

### अजनबी को कार्ड न सौंपे

उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपना कार्ड किसी भी अजनबी या कर्मचारी को न सौंपें और स्वाइप हमेशा स्वयं करें। वायरलेस डेटा चोरी से बचने के लिए आरएफआईडी ब्लॉकिंग वॉलेट का उपयोग करने की सलाह भी दी गई है। ऑनलाइन खरीदारी केवल प्रमाणिक वेबसाइटों से करने की अपील की गई है। साथ ही टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और ओटीपी सुविधा को हमेशा सक्रिय रखने को कहा गया है, जिससे हर लेन-देन पर आपकी अनुमति अनिवार्य हो जाती है। पिन डालते समय कीपैड को ढकना, अपने बैंक खाते पर एसएमएस और ईमेल अलर्ट सक्रिय रखना तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत बैंक और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराना आवश्यक बताया गया है। इसके अतिरिक्त, कार्ड को सार्वजनिक स्थानों पर अधिक देर तक न छोड़ें और इंटरनेट पर मौजूद फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से अत्यधिक सतर्क रहें।